न्यास के संस्थापक सदस्य के नाम, व पदनाम निम्नलिखित हैं, जिनका विस्तृत विवरण ट्रस्टी के पास मौजूद है :-

डा० अमरेश गुप्ता	संस्थापक न्यासी
डा० संतोष पाण्डेय	संस्थापक न्यासी
श्रीमती सारिका गुप्ता	सचिव
श्रीमती रीना पाण्डेय	कोषाध्यक्ष
श्री श्रीकान्त पाण्डेय	सदस्य

प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति के अधिकार एवं कर्त्तव्य :-

संस्थापक सदस्य :- इस न्यास के संस्थापक सदस्य डा० अमरेश गुप्ता एवं डा० संतोष पाण्डेय हैं। वे आजीवन संस्थापक सदस्य के पद पर बने रहेगें। प्रबन्धक कार्यकारिणी के चुनाव कराने की जिम्मेदारी इन पर रहेगी। न्यास का संरक्षक मण्डल बनाने में अपनी सलाह देगें। प्रबन्ध कार्यकारिणी द्वारा पारित निर्णयों को अन्तिम स्वीकृति संस्थापक सदस्य द्वारा किया जायेगा तथा न्यास में सभी प्रकार के वैतनिक, अवैतनिक व्यक्ति की नियुक्ति, पदोन्नति, निष्कासन, पात्रता का निर्धारण करने का अधिकार न्यासी को होगा। न्यास मण्डल में कुल न्यासियों व सदस्यों की संख्या को बढ़ाने व घटाने का अधिकार संस्थापक न्यासियों को होगा। न्यास मण्डल का समस्त कार्य व्यवहार सर्वसम्मति से होगा तथा अन्तिम निर्णय लेने का अधिकार संस्थापक न्यासियों को होगा। संस्थापक न्यासियों का निर्णय सर्वमान्य होगा। न्यास के संविधान में परिवर्तन/संशोधन का अधिकार संस्थापक न्यासियों, न्यास मण्डल को होगा। न्यास में संशोधन एवं हर प्रकार के निर्णय न्यास के कार्यवाही रजिस्टर पर दर्ज की जायेगी। न्यासियों को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी बैंक, संस्थान या व्यक्ति से ट्रस्ट की सम्पत्ति के सापेक्ष या सम्पत्ति को गिरवी रखकर ट्रस्ट के उद्देश के लिए लोन ले सकते हैं। किसी भी दशा में ट्रस्ट के घाटे के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यासी जिम्मेदार नहीं होगा जब तक कि वह स्वंय किसी धोखे, फ्राड या अन्य आपराधिक गतिविधि में सम्मिलित ना हो।

Amresh

संतोष पाण्डेय